भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 791**

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**केरल में आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र**

791. श्री के.सी. वेणुगोपाल:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) केरल में आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केद्रों का ब्यौरा क्या है;
(ख) केरल में ऐसे कुल कितने केंद्र कार्यशील हैं और कितने कार्यशील नहीं हैं; और
(ग) सरकार द्वारा केरल में इन गैर- कार्यशील केंद्रों को कार्यशील बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने हैं?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ग)**:** राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत**,** केरल राज्य सरकार से उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार**,** आयुष मंत्रालय ने 700 आयुष औषधालयों को आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों [जिन्हें अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) नाम दिया गया है] के रूप में उन्नत करने की मंजूरी दी है। केरल राज्य सरकार द्वारा दी गई सूचना के अनुसार**,** सभी 700 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) को कार्यशील बना दिया गया है। केरल में अनुमोदित और कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) का विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

****

**संलग्नक**

**केरल में अनुमोदित और कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (आयुष) का विवरण**

| **क्र.सं.** | **जिले का नाम** | **अनुमोदित आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या** | **कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की संख्या** |
|---|---|---|---|
| 1 | तिरुवनंतपुरम | 56 | 56 |
| 2 | कोल्लम | 52 | 52 |
| 3 | पथनमाथिट्टा | 53 | 53 |
| 4 | कोट्टायम | 49 | 49 |
| 5 | अलाप्पुझा | 48 | 48 |
| 6 | इडुक्की | 43 | 43 |
| 7 | एर्नाकुलम | 49 | 49 |
| 8 | त्रिशूर | 52 | 52 |
| 9 | पलक्कड़ | 54 | 54 |
| 10 | मलप्पुरम | 52 | 52 |
| 11 | कोझिकोड | 51 | 51 |
| 12 | वायनाड | 42 | 42 |
| 13 | कन्नूर | 57 | 57 |
| 14 | कासरगोड | 42 | 42 |
| **कुल** | | **700** | **700** |